उग्रवादियों की गतिविधियों के संबंध में तमिलनाडु के मुख्य मंत्री को प्रधान मंत्री के साथ वार्ता

503. **श्री रजनी रंजन साहू** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या तमिलनाडु के मुख्य मंत्री ने तमिलनाडु में उग्रवादियों की बढ़ती गतिविधियों से उत्पन्न स्थिति के संबंध में अभी हाल में प्रधान मंत्री के साथ बातचीत की है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कान्त सहाय) : (क) और (ख) प्रधान मंत्री ने तमिलनाडु के मुख्य मंत्री से बातचीत की। विचार-विमर्श सामान्य प्रकार का था और तमिलनाडु में उग्रवादियों की गतिविधियों का मामला भी उठा

Safety and health considerations for construction workers

504. SHRI B. K. HARIPRASAD: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that there is a lack of safety and health considerations in respect of construction workers in the country;

(b) what is the estimated number of construction workers males, females and children engaged in the country, State-wise; in Government and non-Government workers;

(c) the number of minor and major accidents/deaths occuring each year due to the lack of safety and health considerations; and

(d) whether Government would adopt the I.L.O. safety and health convention 1988 as a first step and also ensure medical insurance and safety of workers?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI RAMJI LAL SUMAN): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) No such data is being collected by the Ministry.

(d) It may not be possible for the present to ratify the convention.

बोफोर्स तोप सौदे से संबंधित दस्तावेजों का भारत सरकार को सौंपा जाना

505. **श्री सुनील बसुराय** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या स्विटजरलैंड सरकार ने बोफोर्स तोप सौदे से संबंधित दस्तावेज भारत सरकार को सौंप दिये हैं ; और

(ख) उसका ब्यौरा क्या है और सरकार की उस पर क्या प्रतिक्रिया है ?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री [illegible]) : (क) और (ख) स्विस जांच ब्यूरो के अनुसार "ज्यूरिच" बैंक में एक खाता (एकाउंट) संबंधी दस्तावेज स्विस अधिकारियों द्वारा सरकार को सौंप दिये गये हैं। मामला न्यायालय में निर्णयाधीन है इसलिये इस संबंध में ब्यौरे प्रकट नहीं किये जा सकते।

उल्फा के विरुद्ध कार्यवाही

506. **श्री शंकर दयाल सिंह :**
श्री जी०जी० स्वेल :
श्री गुरुदास दासगुप्त :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) असम में विशेषकर राष्ट्रपति शासन लागू किये जाने के पश्चात उल्फा उग्रवादियों के विरुद्ध की गयी कार्रवाई